
<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## वर्चुअल प्रशिक्षण–महिला उद्यमिता विकास

पंतनगर। 17 मई 2023। विश्वविद्यालय के समेटी–उत्तराखण्ड, प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबन्ध संस्थान (मैनेज), हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में **'महिला उद्यमिता विकास'** विषयक चार–दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण दिनांक 16–19 मई, 2023 से प्रारम्भ किया गया। वर्चुअल प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने उद्यमिता विकास के अनेक बिन्दुओं के बारे में चर्चा करते हुए इनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह अथवा क्लस्टर आधारित गतिविधियां संचालित करने पर विशेष बल दिया।

डा. अनुराधा दत्ता, कार्यवाहक, निदेशक प्रसार शिक्षा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हेतु यह आवश्यक है कि वे टमाटर, नाशपाती व अन्य सब्जियों अथवा फलों का मूल्यवर्धन कर अपने आय में कई गुना वृद्धि कर सकते हैं। डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक सस्य विज्ञान प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य, प्रमुख विषय एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस चार–दिवसीय प्रशिक्षण में महिला सशक्तिकरण–परिचय, उद्यमी के गुण, ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता विकास के अवसर, कुटीर उद्योग, महिला उद्यमी द्वारा होने वाली समस्याएं एवं उनका समाधान, फल एवं सब्जी परिरक्षण, मिलेट्स के मूल्यवर्धित उत्पाद, पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक रेशा द्वारा महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं देय अनुदान, बाजार व्यवस्था जैसे विषयों का समावेश किया गया है। डा. विनीता कुमारी, उपनिदेशक, मैनेज हैदराबाद ने संस्थान द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कृषि आधारित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों में स्थित समेटी के साथ मिलकर मैनेज प्रतिवर्ष वर्चुअल प्रशिक्षण आयोजित करता है। इन प्रशिक्षणों में पूरे देश के सहायक प्राध्यापक, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि आधारित कम्पनियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण भाग ले कर अपना क्षमता विकास करते हैं।

ऑनलाइन प्रशिक्षण में विभिन्न राज्यों जैसे उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडू इत्यादि से सहायक प्राध्यापक, विषय वस्तु विशेषज्ञ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कृषि आधारित उद्यमी व विभागीय अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण में 37 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण आयोजन में कु. ज्योति कनवाल, यंग प्रोफेशनल–द्वितीय एवं श्री जगदीश चन्द्र बिष्ट ने भीयोगदान दिया।



*वर्चुअल प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी।*